# विद्युत विभाग की लापरवाही से 20 से अधिक घरों के विद्युत उपकरण जले

**पार्षद ने शासन-प्रशासन, जन प्रतिनिधियों से मदद की अपील**

**सिवनी नवभारत।** नगर पालिका क्षेत्र के किदवई वार्ड अंतर्गत कालका मठ सिवनी नगर में विद्युत विभाग की कथित लापरवाही के चलते एक गंभीर घटना सामने आई है, जिसने क्षेत्र के दर्जनों परिवारों को आर्थिक संकट में डाल दिया है। और वार्ड वासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि अचानक हुए शॉर्ट सर्किट और वोल्टेज असंतुलन के कारण लगभग 20 से 25 घरों में लगे विद्युत उपकरण जलकर खराब हो गए। इस घटना से क्षेत्र के आसपास और वार्ड वासियों सहित प्रथम नागरिक वार्ड पार्षद चंदन सिंह खाताबिया भी इस लापरवाही के कारण भारी नाराजगी जताते हुए विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते हैं हादसा हुआ है जिसकी चलते यह घटना के बाद पूरे क्षेत्र में चिंता का माहौल व्याप्त है। जहां रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित कालका मठ सिवनी नगर क्षेत्र मुख्य रूप से मध्यमवर्गीय एवं मेहनतकश परिवारों का इलाका माना जाता है। यहां रहने वाले अधिकांश लोग मजदूरी, घरो मे नौकरी, छोटे व्यवसाय एवं दैनिक कार्यों के माध्यम से अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। ऐसे में घरों में उपयोग होने वाले पंखे, कूलर, टीवी, फ्रिज, एलईडी, मोबाइल चार्जर और अन्य विद्युत उपकरण उनके दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण



हिस्सा हैं। अचानक इन उपकरणों के खराब हो जाने से कई परिवारों की दिनचर्या प्रभावित हो गई है। क्षेत्रवासियों के अनुसार एक दिन पहले ही मोहल्ले में बिजली संबंधी समस्या उत्पन्न हुई थी, जिसकी शिकायत विद्युत विभाग को की गई थी। विभाग द्वारा समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया और तकनीकी सुधार किए जाने की बात कही गई। लेकिन अगले ही दिन दोपहर लगभग 1 बजे के बाद अचानक विद्युत लाइन में गंभीर तकनीकी गड़बड़ी उत्पन्न हो गई। देखते ही देखते कई घरों से धुआं निकलने लगा और विद्युत उपकरण जलने लगे। कुछ लोगों ने समय रहते मुख्य स्विच बंद कर नुकसान को सीमित करने का प्रयास किया, लेकिन तब तक कई घरों में हजारों रुपये के उपकरण खराब हो चुके थे।

घटना के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे घबराकर घरों से बाहर निकल आए। कई परिवारों ने आशंका जताई कि यदि समय रहते बिजली







## पार्षद चंदन सिंह खाताबिया ने दिखाई सक्रियता, सहायता का दिया आश्वासन

मोहल्लेवासियों का कहना है कि जब वे परेशानी में थे, तब पार्षद चंदन सिंह खाताबिया ने संवेदनशील जनप्रतिनिधि की भूमिका निभाते हुए उनकी बात सुनी और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। लोगों ने कहा कि उन्होंने केवल औपचारिकता नहीं निभाई बल्कि प्रभावित परिवारों की वास्तविक स्थिति को समझते हुए राहत दिलाने की पहल की है। और पार्षद चंदन सिंह खाताबिया ने कहा कि क्षेत्र के लोगों के साथ हुआ यह नुकसान अत्यंत दुखद है। उन्होंने कहा कि वे सांसद, विधायक, जिला प्रशासन और विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर प्रभावित परिवारों को उचित राहत दिलाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि विभागीय लापरवाही के कारण यह नुकसान हुआ है तो इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए।घटना के बाद क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि प्रशासन द्वारा तत्काल सर्वे कराकर प्रत्येक प्रभावित परिवार के नुकसान का आंकलन किया जाए तथा उन्हें आर्थिक सहायता या मुआवजा प्रदान किया जाए। लोगों का कहना है कि कई परिवारों के पंखे, कूलर, फ्रिज, टीवी और अन्य आवश्यक उपकरण पूरी तरह खराब हो चुके हैं, जिन्हें दोबारा खरीदना उनके लिए आसान नहीं है।स्थानीयश्र नागरिकों ने यह भी मांग की है कि क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था की तकनीकी जांच कराई जाए, जर्जर तारों और उपकरणों को बदला जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए स्थायी समाधान किया जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में और भी बड़ा हादसा हो सकता है।

आपूर्ति बंद नहीं होती तो कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था। लोगों का कहना है कि विद्युत विभाग द्वारा शिकायत के बाद गंभीरता से तकनीकी जांच नहीं की गई, जिसके कारण यह स्थिति निर्मित हुई। घटना की जानकारी मिलते ही वार्ड पार्षद चंदन सिंह खाताबिया तत्काल मौके पर पहुंचे और प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने घर-घर जाकर नुकसान का जायजा लिया तथा लोगों को भरोसा दिलाया कि वे इस मामले को संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के समक्ष मजबूती से उठाएंगे। पार्षद द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों के बीच खड़े होने की क्षेत्रवासियों ने सराहना की।

फिलहाल प्रभावित परिवारों की निगाहें जिला प्रशासन, विद्युत विभाग और जनप्रतिनिधियों पर टिकी हुई हैं। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन जल्द राहत प्रदान करेगा। वहीं वार्ड पार्षद चंदन सिंह खताबिया द्वारा पीड़ितों के समर्थन में आगे आकर आवाज उठाने और राहत दिलाने के प्रयासों की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। नागरिकों का मानना है कि जनप्रतिनिधि का दायित्व केवल चुनाव तक सीमित नहीं होता, बल्कि संकट की घड़ी में जनता के साथ खड़े रहना भी होता है, जिसका उदाहरण इस मामले में देखने को मिला है। अब देखना होगा कि इस मामले में जिले की संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधि इस गंभीर मामले में कितनी रुचि लेते हैं और इस वार्ड में हुई छती को लेकर क्या कदम उठाएंगे।

## वार्ड वासियों का कहना है



यह घटना बड़ी लापरवाही का अंजाम देखने और सुनने को मिल सकता था विद्युत विभाग की है लापरवाही मेरे वार्ड के लिए यह घटना परेशानी बन सकती थी लेकिन जिस प्रकार किया घटना घाटी है इसकी मैं निंदा करता हूं और यहां के सांसद विधायक सहित संबंध विभाग को मदद की अपेक्षा के लिए अब आग्रह करता हूं।

**चंदन सिंह खाताबिया वार्ड पार्षद किदवई वार्ड सिवनी**











मैं मंदिर में अचानक पूजा कर रहा था तो एक अचानक अजीब सी आवाज आई जिसे देखकर मैं और पूरा मोहल्ला देखते रह गया और इतनी बड़ी घटना हमारे वार्ड में घट गई मैं शासन प्रशासन से मदद की अपेक्षा रखता हूं

**नवनीत महाराज जी मठ कालका समिति किदवई वार्ड**

मैंने अपनी पूरी जिंदगी में ऐसा हादसा नहीं देखा शासन प्रशासन की लापरवाही के चलते बड़ा हादसा टला

**रवि शंकर राय**

विभाग की लापरवाही के कारण वोल्टेज अचानक बढ़ने के कारण यह हादसा हुआ लगभग 15 से 20000 रुपए का मेरे परिवार में विद्युत सामग्री खराब हो गई

**अनिल राजपूत**

मेरे घर में अचानक इस घटना से कलर जल गया और घर में अचानक वोल्टेज बढ़ गया जिससे यह हादसा हुआ

**लिखो बाई**

कूलर पंखा फ्रिज अचानक जल गए और घटना में पूरा मोहल्ला परेशान हो गया यह घटना विभाग की लापरवाही है

**कृष्णा बाई**

अचानक मोबाइल का चार्जर फट गया और पंखा जल गया यह अचानक कैसे हो गया पता नहीं चला

**पुष्पा कोरी**

पंखा कूलर और कुछ बल्ब अचानक जल गए हैं शासन प्रशासन से मदद की अपेक्षा है

**ज्योति यादव**

अचानक कूलर चालू था तो मैं बटन चालू की तो कलर फट गया और पंखा भी जल गया

**लक्ष्मी पांडे**

एलसीडी कलर और बल्ब अचानक वोल्टेज ज्यादा बढ़ जाने के कारण जल गए हैं मदद की अपेक्षा है शासन से

**रंजू यादव**

कूलर पंखा और घर की कुछ सामग्री में आग लग गई मेरा छोटा सा बच्चा था वह भी डर गया इस घटना से बड़ा हादसा मेरे घर में घट सकता था

**रजनी यादव**

कूलर पंखा जल गए हैं भारी नुकसान हुआ है मोहल्ले वासी परेशान है विद्युत विभाग की लापरवाही से यह घटना घटी है

**किरण कोरी**

कल का वोल्टेज के कारण हमारे घर की विद्युत सामग्री जल गई है और कुछ बल्ब भ्रष्ट हो गए हैं

**सावित्री राजपूत**

# ब्लैकमेलर लखनादौन पुलिस की गिरफ्त में, सिगरेट पिलाकर बनाया वीडियो

**सिवनी नवभारत।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में थाना लखनादौन पुलिस ने ब्लैकमेलिंग एवं चोरी के मामले में त्वरित कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

29 मई को शिकायतकर्ता मननारायण भारद्वाज निवासी समनापुर, लखनादौन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 27 मई को आलमारी चेक करने पर ताला खुला मिला। आलमारी में रखे दो सोने के हार, कीमत लगभग 12 लाख रुपये, गायब थे। बच्चों से पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि पड़ोस में शादी में आए कृष्णा पटेल निवासी मोहद, थाना करेली, जिला नरसिंहपुर ने लगभग एक सप्ताह पूर्व दो नाबालिग बच्चों को सिगरेट पिलाकर उनका वीडियो बना लिया। इसके बाद वह वीडियो वायरल कर बदनाम करने एवं घर वालों को बताने की धमकी देकर रुपये व जेवरात की मांग करने लगा। आरोपी ने एक बच्चे का पैर साइलेंसर से जला दिया एवं जान से मारने की धमकी दी। डर के कारण



बच्चों ने घर की लोहे की पेटी का ताला खोलकर उसमें रखे दो सोने के हार निकालकर कृष्णा पटेल को दे दिए। रिपोर्ट पर थाना लखनादौन में धारा 308(5), 118(1), 351(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान कृष्णा पिता कमलेश पटेल, उम्र 19 वर्ष, निवासी मोहद, थाना करेली, जिला नरसिंहपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने बताया कि उसने सोने के हार नरसिंहपुर में छुपाकर रखे हैं। आरोपी की निशानदेही पर कीमत लगभग 12 लाख रुपये के 02 सोने के हार जब्त किए गए। आरोपी का मोबाइल भी जप्त किया गया, जिसमें नाबालिग बच्चों के वीडियो पाए गए। आरोपी को माननीय न्यायालय लखनादौन में पेश कर उपजेल लखनादौन भेजा गया है। इस कार्यवाही में निरीक्षक के.पी. धुर्वे, सउनि महेश उइके, प्र.आर. फकीरचंद उइके, आरक्षक अनील सोनकुवर की विशेष भूमिका रही।

# एनटीपीसी झाबुआ पावर के सीएसआर से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ी गौशाला

**वर्मी कम्पोस्ट और दूध बिक्री से खुल रहे रोजगार के नए रास्ते**

**घंसौर नवभारत।** क्षेत्रीय विकास और ग्रामीण आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से NTPC-झाबुआ पावर लिमिटेड द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) के तहत किए जा रहे प्रयास अब जमीनी स्तर पर सकारात्मक परिणाम देने लगे हैं। कंपनी द्वारा अपने संयंत्र के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में प्राकृतिक खेती, पशुपालन और स्व-सहायता समूहों को मजबूत करने के लिए लगातार योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में वर्मी कम्पोस्ट (केंचुआ खाद) इकाइयों की स्थापना कर किसानों को जैविक खेती की ओर प्रोत्साहित किया जा रहा है। ष्टस्क्र के सहयोग से गठित प्रार्थना स्व-सहायता समूह, बिनेकी कला द्वारा संचालित शासकीय गोशाला अब आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रही है। समूह ने गोशाला में तैयार होने वाले वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन और विक्रय का कार्य शुरू कर दिया है।



प्राकृतिक खेती के बढ़ते महत्व को देखते हुए स्थानीय किसानों द्वारा भी जैविक खाद में रुचि दिखाई जा रही है, जिससे गोशाला के लिए आय का एक स्थायी स्रोत तैयार होने लगा है। इसके साथ ही गोशाला में उत्पादित दूध की नियमित बिक्री भी शुरू कर दी गई है। दूध और वर्मी कम्पोस्ट की बिक्री से प्राप्त आय ने गोशाला के संचालन को नई मजबूती प्रदान की है। इससे न केवल गोशाला की आर्थिक स्थिति बेहतर हो रही है, बल्कि स्व-सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को भी रोजगार और आय के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। NTPCझाबुआ पावर लिमिटेड के ष्टस्क्र विभाग के मार्गदर्शन में गोशाला के संचालन, पशुओं की देखभाल और संसाधनों के बेहतर उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पशुओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए समय-समय पर शासकीय पशु चिकित्सा विभाग के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिनमें पशुओं का परीक्षण, उपचार और आवश्यक टीकाकरण किया जाता है। इसके अलावा पशु स्वास्थ्य सुधार के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम और तकनीकी सलाह भी उपलब्ध कराई जा रही है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पहले गोशाला के संचालन और संसाधनों के प्रबंधन को लेकर कई चुनौतियां थीं, लेकिन ष्टस्क्र के सहयोग और स्व-सहायता समूह की सक्रिय भागीदारी से अब स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है। गोशाला की आय में वृद्धि होने से समूह के सदस्यों में उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा है तथा वे इसे एक सफल आजीविका मॉडल के रूप में विकसित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में प्राकृतिक खेती, जैविक खाद उत्पादन और पशुपालन को एक साथ जोड़ने वाली यह पहल अब अन्य गांवों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनती जा रही है। क्षेत्र के लोगों का मानना है कि NTPC झाबुआ पावर की यह पहल केवल सामाजिक दायित्व तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और सतत विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हो रही है। आने वाले समय में इस मॉडल से और अधिक लोगों को जोड़कर रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# आदिवासी समाज पर टिप्पणी, फूंका गृहमंत्री का पुतला

**सिवनी नवभारत।** दिल्ली में केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित जनजाति सांस्कृतिक समागम (महाकुंभ) के कार्यक्रम में गृहमंत्री अमित शाह ने अपने भाषण में देश के मूल निवासी आदिवासी वर्ग को वनवासी शब्द का इस्तेमाल करते हुए सम्बोधित किया। जबकि आदिवासी समाज भारत का मूल निवासी है। अमित शाह द्वारा आदिवासी समाज को न केवल वनवासी कहकर अपमानित किया बल्कि आदिवासियों को सिर्फ जंगल में रहने वाला निरूपित किया जो कि आदिवासी समाज का घोर अपमान है। भारत में आदिवासी सनातन संस्कृति को सजोए रखने में प्रकृति को आधार मानते हुए जल, जंगल और जमीन की रक्षा में अपने प्राणो तक का उत्सर्ग करने में कोई संकोच नही करते देश के गृहमंत्री अमित शाह के आदिवासी विरोधी बयान से देश के आदिवासी समाज की घोर उपेक्षा है गृहमंत्री के इस बयान से भारत के





मूल निवासी आदिवासियों की मूल पहचान को कमजोर करता है जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है।

मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के निर्देशानुसार, जिला आदिवासी कांग्रेस सिवनी ,जिला युवा कांग्रेस एव बरघाट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा केन्द्र मोदी सरकार की आदिवासी विरोधी मानसिकता वाले देश के गृहमंत्री अमित शाह को मंत्री पद से हटाने के नारो के साथ बरघाट जनपद पंचायत के सामने गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर जिला आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विजय उइके, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य मोन्टू भूरा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज राहंगडाले, नगर कांग्रेस बरघाट के अध्यक्ष सुनील अवधवाल, जिला पंचायत सदस्य नितिन डेहरिया, अनिल मर्सकोले, तामशिह तेंभरे ,हिरेन्द्र,दाउद इब्राहिम, सुनील पंचेश्वर, इंदर अड़पाचे, देवेंद्र ठाकुर आशु बघेल सहित बडी संख्या में कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से साईकिल सवार की मौत

सिवनी नवभारत। कान्हीवाड़ा में देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार भानसिंह काकोडिया उम्र लगभग 60 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कान्हीवाड़ा के सामने तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि साइकिल सवार ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे की सूचना मिलते ही कान्हीवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि वाहन चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

# पुलिया की रेलिंग तोड़कर मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर खेत में घुसा, बाल-बाल बचा चालक

**छपारा नवभारत।** नगर के तहसील कार्यालय के पास पुलिया की फेंसिंग तोड़ते हुए करीब 100 फीट दूर जाकर खेत में घुसा वाहन, चालक के सिर और पैर में मामूली चोट आई है। ज्ञात हो कि नगर से जबलपुर की ओर जाने वाले बायपास मार्ग पर तहसील कार्यालय के नजदीक शनिवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। जब परचून के बॉक्सों से भरा एक मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर नाले की लोहे की फेंसिंग तोड़ते हुए सड़क किनारे खेत में जा घुसा। बताया जा रहा है कि ट्रक करीब 100 फीट दूर खेत की मेड़ पर जाकर रुका। हादसे में चालक बाल-बाल बच गया, हालांकि उसके सिर और पैर में मामूली चोट आई, वहीं इस मिनी ट्रक से नाले पर लगी लोहे की रेलिंग और जालीदार फेंसिंग को तोड़ते हुए सड़क से नीचे उतर गया तथा गड्ढों को पार कर खेत की मेड़ तक पहुंच गया।

घटना के बाद मौके पर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर संबंधित लोगों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। दुर्घटना किन कारणों से हुई, इसका स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा काफी भयावह था। जिस प्रकार ट्रक सड़क छोड़कर खेत में जा



पहुंचा, उसे देखकर लोगों ने राहत की सांस ली कि वाहन में सवार लोग सुरक्षित हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह किसी बड़े चमत्कार से कम नहीं है कि इतने गंभीर हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। फिलहाल घायल चालक का प्राथमिक उपचार कराया गया है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

**आयोजन** | नेत्रहीन होने के बावजूद कलाकारों की प्रतिभा और आत्मविश्वास ने लोगों को किया प्रभावित

# उड़ीसा से आए नेत्रहीन कलाकारों की भजन संध्या ने बांधा समां

**छपारा नवभारत। नगर के बस स्टैंड परिसर में शुक्रवार शाम एक अनूठी भजन संध्या का आयोजन देखने को मिला। उड़ीसा के नवरंगपुर से आई जीवन नेत्रहीन कलाकारों की सात सदस्यीय टीम ने शाम करीब 6 बजे बस स्टैंड परिसर में मंच सजाकर भक्ति गीतों और भजनों की प्रस्तुति दी,जिसका लोगों में इतना जबरदस्त क्रेज देखा गया कि उक्त कार्यक्रम देर रात दस बजे तक चला।**

ज्ञात हो कि बाहर से इन कलाकारों ने टेबलों को मंच के रूप में तैयार कर साउंड सिस्टम और माइक की सहायता से कार्यक्रम की शुरुआत की। मधुर संगीत और सुरमयी प्रस्तुतियों ने





वहां से गुजर रहे लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया। कलाकारों की गायकी और वाद्य प्रस्तुति इतनी प्रभावशाली रही कि श्रोता देर तक कार्यक्रम का आनंद लेते रहे। नेत्रहीन होने के बावजूद कलाकारों की प्रतिभा और आत्मविश्वास ने लोगों को काफी प्रभावित किया।

टीम के एक सदस्य ने बताया कि वे बारिश के मौसम को छोड़कर पूरे वर्ष देश के विभिन्न राज्यों और शहरों में भ्रमण कर भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हैं, साथ ही लोगों द्वारा स्वेच्छा से दिए जाने वाले दान और सहयोग से ही उनकी आजीविका चलती



है।उन्होंने बताया कि उनकी टोली में दो पुरुष और चार नेत्रहीन महिलाएं शामिल हैं। वर्तमान में सभी कलाकार सिवनी नगर के एक निजी लॉज में ठहरे हुए हैं। सिवनी शहर के विभिन्न स्थानों पर भी उनके द्वारा भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिसका लोगों के द्वारा अच्छा प्रतिसाद मिला।

वहीं छपारा नगर में हुए कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे जिन्होंने कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन के साथ खुलकर लोगों स्वेच्छा से इन कलाकारों को दान किया।

# ट्रांसफार्मर में लगी आग, समय रहते बुझाई गई, बड़ा हादसा टला

**छपारा नवभारत।** नगर के मुख्य मार्ग स्थित संजय कॉलोनी चौराहे के समीप स्थित विद्युत लाइन के खंभे पर लगे ट्रांसफार्मर में शनिवार सुबह को अचानक आग लग गई। ट्रांसफार्मर से उठती आग की लपटों को देखकर राहगीरों और स्थानीय लोगों में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना तत्काल विद्युत वितरण कंपनी के स्थानीय कार्यालय को दी गई। सूचना मिलते ही एहतियात के तौर पर नगर की विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई। इसके बाद स्थानीय नागरिकों और विद्युत विभाग के कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास से सुरक्षित दूरी बनाए रखते हुए ट्रांसफार्मर में लगी आग पर काबू पाया गया। लगभग आधे घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहने के बाद विभागीय कर्मचारियों ने ट्रांसफार्मर



की जांच कर आवश्यक सुधार कार्य किया। इसके उपरांत नगर की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पुन: सुचारू रूप से बहाल कर दी गई।

गौरतलब है कि सड़क किनारे स्थित ट्रांसफार्मर में लगी आग को समय रहते नियंत्रित कर लिया गया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना होने से टल गई। साथ ही विद्युत वितरण कंपनी को भी संभावित बड़े आर्थिक नुकसान से बचाने में सफलता मिली। स्थानीय नागरिकों ने समय पर कार्रवाई के लिए विद्युत विभाग की सराहना की है।

**न्यायालय तहसीलदार सिवनी दो तहसील व जिला सिवनी**

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है की आवेदक देवेन्द्र बघेल पिता लेखराम बघेल निवासी ग्राम नरेला तहसील व जिला सिवनी के द्वारा ग्राम नरेला पटवारी हल्का क्रमांक 03 तहसील व जिला सिवनी में स्थित भूमि खसरा नं. 512/1 रकबा 1.60 हे. भूमि पर वसीयत के आधार पर नामातरंण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिसका प्रकरण क्रमांक 0384/अ-6/2026-27 है जिसकी सुनवाई दिनांक 08/6/2026 समय 12 .30 बजे नियत है।

अत: आवेदित भूमि का आवेदक का वसीयत के आधार पर नामातरंण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 08/6/2026 को या इसके पूर्व अपनी आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा। यदि नियत दिनांक के अवकाश घोषित होता है तो प्रकरण में सुनवाई आगामी न्यायालय कार्य दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 25/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुद्रा से जारी।

सील

**तहसीलदार सिवनी**